हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 27 जून 2025

13 समाधान के साथ नागरिकों की संतुष्टि अधिकारियों का दायित्व



14 बेटियों की चित्रकला से दिया नशे से दूर रहने का संदेश



## खबर संक्षेप

### तीन से शुरू होगा बीएलओ का प्रशिक्षण

**चरखी दादरी।** भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार जिला के दोनों बाढड़ा और दादरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक-एक बूथ स्तर अधिकारी नियुक्त कर दिया गया है। नियुक्त किए गए सभी बूथ स्तर अधिकारियों को 27 जून तक जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में उपस्थिति दर्ज करवाने के निर्देश दिए गए है। इन सभी बीएलओ को 3 जुलाई से प्रशिक्षण दिया जाएगा। संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों की अनुपालना में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक-एक बूथ स्तर अधिकारी नियुक्त करने के आदेश जारी किए है। यह आदेश लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13-बी (2) के तहत जारी किए गए है।

### दादरी में स्वीमिंग प्रतियोगिता एक से

**चरखी दादरी ।** हरियाणा स्वीमिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक फौगाट सदन में वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंद्र फौगाट की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता को लेकर चर्चा की गई। जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष विक्रमजीत फौगाट ने बताया कि आठवीं जिला तैराकी प्रतियोगिता एक जुलाई को शहर के महेंद्रगढ़ रोड स्थित ऑटो मार्केट के समीप जेपी स्वीमिंग पूल में सुबह 8 बजे से शुरू होगी। यह जानकारी महासचिव जगत डूडी ने दी। प्रतियोगिता में जिले का 6 वर्ष से अधिक आयु का बच्चा भाग ले सकता है।

### बॉक्सिंग वर्ल्ड कप में भाग लेंगी नुपूर व पूजा



**भिवानी।** द्रोणाचार्य कैप्टन हवासिंह बॉक्सिंग अकादमी की दो महिला मुक्केबाज बाक्सिंग वर्ल्ड कप में हिस्सा लेंगी। भीम अवार्डी कोच संजय श्योराण ने बताया कि नुपूर श्योराण 80 से अधिक किलोग्राम भारवर्ग में व पूजा रानी 80 किलोग्राम भारवर्ग में अपने मुक्के का दम दिखाएंगी। उन्होंने बताया कि दोनों महिला मुक्केबाजों को अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का काफी अनुभव है, दोनों अन्तरराष्ट्रीय पदक विजेता हैं।

### सेकेंडरी परीक्षाओं के प्रवेश पत्र आज से लाइव होंगे

**भिवानी।** सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक) कम्पार्टमेंट की एक दिवसीय परीक्षा तथा सेकेंडरी (शैक्षिक)/ सेकेंडरी-सह-पूर्व मध्यमा द्वितीय वार्षिक (कम्पार्टमेंट/आशिंक/पूर्ण विषयों की) परीक्षा जुलाई-2025 के प्रवेश-पत्र (एडमिट कार्ड) 27 जून, 2025 से बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर लाइव होंगे। परीक्षार्थी अपना प्रवेश-पत्र बोर्ड की वेबसाइट पर दिए लिंक से पिछला अनुक्रमांक/नाम, पिता का नाम, माता का नाम भरते हुए डाउनलोड कर सकते हैं।

### जन्मदिन पर पर्यावरण को समर्पित किया संदेश

भिवानी। पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए आपसी भाईचारे एवं सद्भाव की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पर्यावण प्रहरी हवलदार लोकराम नेहरा द्वारा सद्भावना त्रिवेणी रोपण अभियान चलाया हुआ है, जिसके तहत विभिन्न अवसरों पर पौधें रोपित किए जाते है। इसी कड़ी में वीरवार को पर्यावरण प्रहरी श्रीपाल यादव की धर्मपत्नी अध्यापिका सरोज यादव के 53वें जन्मदिन तथा स्टैंड विद नेचर संस्था के संस्थापक डॉ. लोकेश भिवानी के 28वें जन्मदिन पर भीम स्टेडियम में एक त्रिवेणी सहित छह पौधें रोपित किए।

# विधायक को बीडीपीओ ने कमरा खोलने से किया मना, खफा एमएलए ने मेन गेट पर लगाया ताला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बाढ़ड़ा

ह बाढ़ड़ा के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी द्वारा कार्यालय में सरपंचों के विश्राम के लिए कमरे का ताला खोलने से मना करने पर विधायक ने बीडीपीओ कार्यालय पर ताला लगा दिया। विधायक पातुवास ने ताला लगाकर तीन घंटे तक धरना दिया। विधायक उमेद द्वारा की गई तालाबंदी और धरने की खबर से जिला प्रशासन में हलचल मच गई और मामला सीएम दरबार पहुंच गया, जहां से विधायक को बीडीपीओ और एसईपीओ के तबादले का आश्वासन मिला।

वीरवार को बाढ़ड़ा से भाजपा विधायक उमेद पातुवास बीडीपीओ कार्यालय में आयोजित आयुष्मान विभाग के शिविर में पहुंचे थे, यहां दर्जनों गांवों के सरपंच और पंच मौजूद थे। पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक उमेद पातुवास को बताया कि खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में उन्हें हररोज काम से आना होता है, यहां एक कमरे में कामकाज के लिए आने वाले पंच व सरपंच बैठते थे, इस कमरे को बीडीपीओ ने बंद कर

अधिकारियों की मनमानी कार्यशैली के पर विरोध जताया
- जनता परेशान है, किसी का काम नहीं हो रहा
- विधायक तीन बार आए मगर तीनों बार बीडीपीओ स्वाति अग्रवाल नहीं मिली
- तीन घंटे बाद सीएम सैनी ने विधायक को दिया आश्वासन तीनों अधिकारियों का होगा तबादला
- तबादला करने का आश्वासन मिलने के बाद धरना खत्म किया



भिवानी। बीडीपीओ कार्यालय पर ताला लगाकर धरना देते विधायक व पंचायत प्रतिनिधि

### 40 गांवों के सरपंचों व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने की नारेबाजी

सरपंचों ने बताया कि अब उन्हें बाहर धूप में घंटों तक बैठना पड़ता है। विधायक ने पंचायत प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि कमरे को बीडीपीओ को बोलकर खुलवा देंगे। विधायक ने पहले एसईपीओ को कमरा खोलने का आदेश दिया तो उन्होंने कहा कि कमरा बीडीपीओ ने बंद किया है और खोलने से मना कर दिया। विधायक उमेद पातुवास ने बीडीपीओ स्वाति अग्रवाल को कॉल की और कमरा खोलने के लिए बोला। बीडीपीओ सने विधायक को कमरा खोलने से मना कर दिया। बीडीपीओ और विधायक के बीच काफी देर तक फोन पर बहस हुई। फोन काटने के बाद विधायक ने बीडीपीओ व एसईपीओ से व्यवहार से खफा होकर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया और धरने पर बैठ गए। विधायक ने कहा कि वे तीसरी बार खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय आए हैं, तीनों बार बीडीपीओ नहीं मिली। जनता परेशान है, किसी का काम नहीं हो रहा। विधायक ने डीसी को स्थिति से अवगत करवाया। वहां मौजूद 40 गांवों के पंच, सरपंचों व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अधिकारियों की मनमानी कार्यशैली के खिलाफ नारेबाजी की। भाजपा जिलाध्यक्ष इंजीनियर सुनील हड़ौदी, आनंद फौजी, छात्र नेता विजय मोटू, रामकिशन फौजी, पूर्व चेयरमैन संदीप बाढड़ा, सरपंच राजेश बाढ़ड़ा आदि पंचायत प्रतिनिधियों भी धरने पर डटे रहे तथा तीन घंटे बाद राज्य मुख्यालय से सीएम नायब सिंह सैनी ने विधायक को उमेद पातुवास को दूरभाष पर दोनों अधिकारियों का तबादला करने का आश्वासन मिलने के बाद धरना खत्म किया।

### सीएम तक पहुंचा मामला

समय बीतने के साथ मामले तूल पकड़ गया। वहीं धरने पर बैठे विधायक के समर्थन में विभिन्न गांवों के सरपंच आ गए। इसके बाद पंचायत विभाग के अधिकारियों के व्यवहार की जानकारी डीसी मुनीश शर्मा को दी गई। इतना ही नहीं मामला सीएम नायब सिंह सैनी के संज्ञान में भी लाया गया। तीन घंटे बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह ने विधायक को फोन किया और बीडीपीओ और एसईपीओ का तबादला करने का आश्वासन दिया।

### धूप में खड़े रहे स्टाफ सदस्य

विधायक ने तलख तेवर दिखाते हुए पंचायत विभाग कार्यालय में तैनात सभी स्टाफ सदस्यों को बाहर निकाल दिया। उनका पारा हाई देखकर स्टाफ सदस्य कुर्सी चछोड़कर बाहर आ गए और फिर धूप में खड़े रहे। पंचायत विभाग कार्यालय में 100 कर्मचारी तैनात हैं।

### लगातार मिल रही हैं शिकायतें

विधायक ने कहा कि जब से विधायक बना हूं तब से एसईपीओ और बीडीपीओ के खिलाफ शिकायतें आ रही हैं। वीरवार को पंचायत विभाग कार्यालय पहुंचा तो जनता के प्रति एसईपीओ का व्यवहार सही नहीं मिला। बीडीपीओ ने कक्ष की चाबी देने से इंकार कर दिया और इसके चलते ही पंचायत विभाग कार्यालय को ताला लगाकर धरना दिया गया। डीसी और सीएम से भी शिकायत की गई है और दोनों अधिकारियों को सस्पेंड करने की मांग भी उठाई गई है।

## सभी सीएससी केंद्रों पर कॉमन ब्रांडिंग और रेट लिस्ट लगाना जरूरी

**चरखी दादरी।** जिला के सभी सीएससी केंद्रों को कॉमन ब्रांडिंग और रेट लिस्ट लगाने के निर्देश दिए गए हैं। केंद्रों पर दी जा रही विभिन्न सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने व निर्धारित वर्ग को केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उपायुक्त मुनीश शर्मा ने ऐसे निर्देश जारी किए हैं। उपायुक्त ने कहा है कि नागरिकों की सुविधा के लिए जरूरी सेवाओं जैसे विवाह पंजीकरण, रिहायशी प्रमाण पत्र, बीसी, ओबीसी प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र सहित अन्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए सीएससी केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसके लिए सरकार द्वारा सरकारी फीस निर्धारित की गई। ऐसे में जिला के सभी नागरिक निर्धारित फीस के तहत समयबद्ध तरीके से विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ ले सके इसके लिए सभी केंद्रों पर रेट लिस्ट चस्पा करना अनिवार्य है। सीएससी जिला प्रबंधक के अनुसार सरकार की अंत्योदय उत्थान की योजनाओं को घर घर तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक गांव में सीएससी केंद्र खोले गए हैं। यदि कोई सीएससी संचालक अपने गांव या वार्ड के अलावा किसी दूसरी जगह पर सेंटर संचालित करता पाया गया तो उस केंद्र का लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा।

**सभी सीएससी केंद्रों पर फिजिकल वेरिफिकेशन होगी ब्रांडिंग और सर्विस चार्ट रेट नहीं मिला तो कार्रवाई होगी**

# लोहारू में बस स्टैंड से सरेआम युवक का सिर फोड़कर किया अपहरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लोहारू

- युवक दो कारों में सवार होकर आए थे हमलावर

लोहारू में अपराधियों का आतंक इतना बढ़ गया कि पुलिस थाने से मात्र 100 मीटर दूरी पर स्थित बस स्टैंड परिसर से एक युवक का आधा दर्जन युवकों ने सरेआम पब्लिक के सामने ईंट मारकर सिर फोड़ दिया तथा युवक का सरेआम अपहरण कर ले गए। घटना को अंजाम देने वाले युवक दो कारों में सवार होकर आए थे तथा बस स्टैंड के मेन गेट पर गाड़ी खड़ी करके अपहरण कर ले गए। घटना करीब दो बजे की है। दो घंटे बाद जब एसएचओ से घटना की जानकारी ली तब तक उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। बस स्टैंड के प्रबंधक ने भी इस मामले में लापरवाही बरती व पुलिस को जानकारी नही दी।

उल्लेखनीय हैं कि बस स्टैंड परिसर पर एक युवक करीबन 20 मिनट से अपनी बाइक पर बैठा हुआ था। इसी दौरान एक काले रंग की बलेनो व स्विफ्ट कार में करीबन आधा दर्जन युवक बस स्टैंड में आए तथा आते ही उन्होंन पास पड़ी ईंट से उसके सिर पर वार कर दिया। इसके बाद युवक को बाईक पर गिराकर लात घूसों से उसकी पिटाई की है। युवकों ने दो मिनट तक मारपीट के बाद युवक का सरेआम अपहरण करके अपनी गाड़ी में डालकर भिवानी की तरफ तेज गति से गाड़ियां भगा ले गए। मौके पर कई सवारियां और राहगीर एकत्रित हो गए तथा उन्होंने शोर भी मचाया, लेकिन युवकों के खौफ के कारण सब सहम गए। वारदात को बस स्टैंड के अनेक कर्मचारियों और सवारियों ने देखा लेकिन रोडवेज प्रबंधन ने इस बारे पुलिस को कोई सूचना तक नहीं दी।

जब एसएचओ अशोक कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पुलिस को अभी ऐसे किसी मामले की सूचना नही मिली है। दो घण्टे के बाद पुलिस की टीम बस स्टैंड पर पहुंची तथा बस स्टैंड कर्मचारियों व सवारियों से जानकारी ली गई है।

**पुलिस लगाने की मांग**

स्थानीय लोगों ने पुलिस के आला अधिकारियों से इन पर अंकुश लगाने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अपराधियों ने सरेआम युवक का अपहरण किया है और मारपीट से बस स्टैंड के यात्रियों में दहशत की स्थिति बनी है। पुलिस की नियमित ड्यूटी बस स्टैंड पर होनी चाहिए नहीं तो इस प्रकार के अपराधी बेखौफ होकर लड़कियों का भी अपहरण कर सकते हैं।

# आधा दर्जन गांवों के लोगों ने काकड़ौली सरदारा बिजली घर पर की तालाबंदी, जताया रोष

- बिजलीघर में 12 की जगह मात्र छह एमवीए का लगाया पुराना ट्रांसफार्मर
- विधायक व एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बाढ़ड़ा



भिवानी। एसडीएम मनोज दलाल को ज्ञापन देते ग्रामीण।

बाढ़ड़ा उपमंडल के आधा दर्जन गांवों के कृषि व घरेलू उपभोक्ताओं ने बिजली आपूर्ति में किल्लत व अघोषित कटों से परेशान ग्रामीणों ने गांव काकड़ौली सरदारा बिजली घर पर ताला लगाकर रोष जताया। धरनास्थल पर पहुंचे विधायक उमेद पातुवास व एसडीएम मनोज दलाल ने तबादले किए कर्मचारियों को वापस तैनाती कर ग्रामीणों का मांगपत्र उच्चाधिकारियों को भेजकर समाधान करने का भरोसा दिया, ग्रामीणों ने 10 जुलाई तक का अल्टीमेटम दिया। काकड़ौली सरदारा सरपंच प्रतिनिधि रणबीर सिंह रोहिल्ला व छात्र नेता विजय मोटू की अगुवाई में मौजूद किसानों ने बताया कि काकड़ौली सरदारा के 33केवी बिजली सब स्टेशन से बिजली आपूर्ति करता है, लेकिन मौजूदा समय में न तो यहां पर खपत अनुसार बिजली ट्रांसफार्मर, न उपकरण उपलब्ध हैं और नियमित कर्मचारियों की कमी के कारण बार बार कट लगने पर कर्मचारी उपलब्ध नहीं रहते। उन्होंने बताया कि जानबूझ कर एक कर्मचारी का नांधा में तबादला कर दिया है। मौजूदा सीजन में सभी ट्यूबवेलों व घरों में जहां बिजली आपूर्ति की डिमांड बढ़ेगी, वहीं बिजली खपत अधिक होने के बावजूद छह माह से जले छह एमवीए के ट्रांसफार्मर की जगह छह एमवीए का पुराना ट्रांसफार्मर लगा दिया, जो फरवरी माह की गर्मी नहीं झेल पाया। धरने की सूचना मिलते ही एसडीएम दलाल, एसडीओ रामसिंह पहुंचे और किसानों की मांगे सुनीं तथा उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी सभी मांगे पूरी की जाएगी।

उन्होंने मौके पर अधिक्षक अभियंता को दूरभाष पर बात कर जुलाई माह में हर हाल में 12 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगवाने का भरोसा दिया। विधायक व एसडीएम के आदेश पर किसान शांत हुए और तालाबंदी खत्म की। उनके अलावा शमशेर पंचगावां, विजय मोटू, सीताराम शर्मा, रमेश कुमार, विजय फौजी व वेदप्रकाश काकड़ौली, नवीन, सुदेश श्योराण मौजूद रहे।



भिवानी। हड़ताल को लेकर चर्चा करते पटवारी व कानूनगो।

# हरियाणा का वेतन आयोग गठित करवाने व भत्ते-सुविधाएं देने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

पटवारी व कानूनगो की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें फैसला लिया कि जिला भिवानी के तमाम कानूनगो व पटवारी नौ जुलाई को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल मे बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। दी पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के राज्य उपप्रधान विकास राठी ने बताया कि नौ जुलाई को होने वाली हड़ताल में अपने हकों की लड़ाई के लिए लाखों की संख्या में कर्मचारी व मजदूर शामिल होंगे। हरियाणा का वेतन आयोग गठित करवाने, भत्ते व सुविधाएं देने, सुरक्षा की गारंटी देने, कर्मचारियों को हर माह पांच हजार रुपये अंतरिम राहत देने,कच्चे कर्मियों को पक्का करने व योग्यता अनुसार वेतन देने सहित अनेक मांग हैं।

राठी ने कहा कि खाली पदों को तुरंत भरा जाए तथा नए पद सृजित किए जाए जो काफी समय से पाइप लाइन में हैं। राज्य उपाध्यक्ष ने बताया कि 2019 -2023 ब्लॉक वर्ष की एलटीसी बजट जल्द जारी की जाए, कानूनगो के 89 नए पद जो पाइपलाइन में उन्हें सृजित कर लागू किए जाएं व नयी सर्कल बंदी की सूची जारी की जाए उनको अमल में लाने के लिए पत्र जारी किया जाए,विभागीय परीक्षा पास नायब तहसीलदार, कानूनगो को जल्द पदोन्नति दी जाए ताकि जनता का कार्य समयबद्ध हो सके।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर भिवानी तहसील प्रधान विक्रांत शर्मा, कानूनगो मदन, अशोक कानूनगो,रवीन्द्र पटवारी, मंगल राठी कानूनगो,नरेश घनघस, हरकेश पटवारी, मनोज वर्मा, धर्मबीर पटवारी, शैलेन्द्र कुमार, अरुण कुमार, दयाराम, बलबीर प्रदीप,सुखबीर काजल, पवन पंघाल, मनजीत, संदीप रोहिल्ला, विनयपंकज पटवारी, अमित गौतम पटवारी, प्रदीप, नितिन, विनेश, कृष्ण पटवारी भँवरपाल आदि उपस्थित थे।

# भिवानी रेवाड़ी लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

- बीती रात घर से दोस्त के साथ निकला था
- मृतक की पहचान गांधी नगर निवासी मिलन के रूप में हुई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चरखी दादरी

भिवानी रेवाड़ी रेलवे लाइन पर प्रेम नगर कालोनी के समीप ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांधी नगर निवासी मिलन के रूप में हुई है। जीआरपी चौकी पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा दिया। गांधी नगर निवासी मिलन (22) एक कपड़ा दुकान पर हेल्पर का काम करता था। बीती रात वह दोस्त के साथ घर से निकला था, लेकिन काफी देर तक घर वापिस नहीं आया तो उसके पिता ने फोन किया। मिलन ने फोन पर पिता को बताया कि आधे घंटे में घर पहुंच जाएगा। मगर पूरी रात घर नहीं पहुंचा। अल सुबह जीआरपी चौकी पुलिस ने मिलन का शव रेलवे लाइन पर पड़ा होने की सूचना दी। जीआरपी चौकी प्रभारी कृष्ण ने बताया कि सुबह जयपुर हिसार लोको पायलट ने सूचना दी कि एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लिया गया।

# अनुबंधित कर्मियों को अनुभव अनुसार वेतन व एरियर दिलवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी



अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ भिवानी सिटी एक्सईएन संदीप दलाल के साथ बैठक हुई। बैठक में कर्मचारियों की मुख्य मांगों पर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष ईमरान ने बताया कि डिविजन के अंतर्गत कार्यरत अनुबंधित विद्युत कर्मचारियों को अनेक समस्यायों का सामना करना पड़ रहा है। एक्सईएन को समस्याओं से अवगत करवाते हुए उन्होंने बताया कि डिविजन के अंतर्गत आने वाले अनुबंधित विद्युत कर्मचारी जिन्हें ड्यूटी करते पांच साल, 10 साल व 10 साल से ऊपर हो गये है, उन्हें उनके अनुभव के अनुसार वेतन दिलवाया जाए व पे प्रोटेक्शन के तहत एरियर भी शीघ्र दिलवाया जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में जो एसए सरप्लस हुए थे, उनकी सीनियरटी लिस्ट लागू की जाए।इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष संदीप बागनवाला, अशोक, वीरेंद्र ढूकिया, सौरव कौशिक, मनजीत लोहारू व मनवीर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**चेतावनी** किसानों के लिए ही नहीं, हर नागरिक के लिए नुकसानदायक फ्री ट्रेड एग्रीमेंट

# नए टैरिफ से हर वर्ग को होगा नुकसान, सरकार फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से रहे दूर : गुरनाम सिंह

*देश में प्रस्तावित नए टैरिफ और फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) को लेकर किसानों में चिंता बढ़ी*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

देश में प्रस्तावित नए टैरिफ और फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) को लेकर किसानों में चिंता बढ़ती जा रही है। इसी बीच भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चंढूनी ने इसे लेकर सरकार को चेताया है और सभी वर्गों को इस मुद्दे पर एकजुट होने का आह्वान किया है।

बता दें कि नई कृषि नीति, मंडी कानून में संभावित बदलाव, खेतों से गुजरने वाली हाईटेंशन लाइनें व तेल पाइप लाइन सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर वीरवार को नई अनाजमंडी में भिवानी, दादरी व महेंद्रगढ़ जिलों के किसानों की बैठक का आयोजन किया। बैठक को संबोधित करने यूनियन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चंढूनी बतौर मुख्य वक्ता पहुंचे तथा अध्यक्षता भाकियु चंढूनी के जिलाध्यक्ष राकेश आर्य ने की। बैठक के दौरान सरकार तक किसानों की चिंताओं को मजबूत तरीके से पहुंचाने और उनके समाधान के लिए एक ठोस रणनीति तैयार करने पर चर्चा हुई। चंढूनी ने कहा कि फ्री ट्रेड एग्रीमेंट केवल किसानों के लिए ही नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक के लिए नुकसानदायक होगा। उन्होंने बताया कि अगर भारत सरकार ने जल्दबाजी में कोई नया टैरिफ या व्यापार समझौता किया तो इसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था, घरेलू उत्पादकों और आम जनता पर पड़ेगा।



भिवानी। किसानों को संबोधित करते भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चंढूनी।

### विदेशी कंपनियों को मनमर्जी की छूट मिलेगी

एफटीए के जरिए विदेशी कंपनियों को भारतीय बाजार में मनमर्जी की छूट मिलेगी, जिससे देश के किसान, छोटे व्यापारी, घरेलू उद्योग और मजदूर वर्ग सीधे प्रभावित होंगे। चंढूनी ने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौते में शामिल होने से पहले देश के सभी वर्गों की राय लें और पारदर्शिता बनाए रखे। चंढूनी ने यह भी कहा कि किसानों के मुद्दे अब केवल खेती तक सीमित नहीं रहे, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और व्यापारिक नीतियों से भी गहराई से जुड़े हैं, इसलिए भाकियु अब हर वर्ग को जोड़कर एक व्यापक जनआंदोलन खड़ा करने की तैयारी कर रही है। चंढूनी ने सरकार को चेतावनी दी कि देशहित में निर्णय नहीं लिए तो किसानों के साथ-साथ देशभर के नागरिक सड़क पर उतरने को मजबूर होंगे। आर्य ने कहा कि स्थानीय मुद्दो को लेकर किसानों का प्रतिनिधिमंडल 30 जून सोमवार को भिवानी उपायुक्त से मिलेगा।

अनोखे पक्षी / रजनी अरोड़ा

बच्चो, तुमने आसमान में उड़ते हुए छोटे-बड़े कई तरह के पक्षी देखे होंगे। छोटे पक्षी तो फुर्र-फुर्र आसानी से इधर-उधर उड़ लेते हैं। लेकिन दुनिया में कई बड़े आकार के भी ऐसे पक्षी हैं, जो बहुत तेज गति से उड़ते हैं और लंबी दूरियां तय करते हैं। यहां हम तुम्हें कुछ बहुत ही तेज गति से उड़ने वाले बिग बर्ड्स के बारे में बता रहे हैं।

# तेज गति से उड़ने वाले बिग बर्ड्स



### स्पर-विंग गूस

**इसे दुनिया** के सबसे बड़े हंस प्रजाति के पक्षी रूप में जाना जाता है। एडल्ट स्पर-विंग गूस, लगभग 75 सेंटीमीटर लंबा और 4.8 किग्रा वजन का होता है। 142 किमी या 88 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ने की क्षमता के कारण इसकी गिनती दुनिया की सबसे तेज उड़ने वाले पक्षियों में होती है। यह मुख्यतः उप सहारा अफ्रीका के झीलों, नदियों के पास जमीन पर बनाए घोंसलों में रहते हैं। *



### पिनटेल डक

इस पक्षी के पूंछ के पंख सिरे पर पिन की तरह लंबे और पतले होते हैं, इसीलिए इसे 'प्वाइंटेड डक' भी कहा जाता है। पिनटेल डक के पंखों का फैलाव 23.28 सेंटीमीटर तक हो सकता है। यह 105 किमी या 65 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकते हैं। ये यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका के देशों में बड़ी तादाद में पाए जाते हैं। *

### ऐडर डक

बड़े आकार के समुद्री बत्तखों में ऐडर डक को भी शामिल करते हैं। ये डक 50 सेंटीमीटर से भी अधिक लंबे हो सकते हैं और 113 किमी या 70 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकते हैं। ऐडर डक मुख्य रूप से उत्तरी अमेरिका, उत्तरी यूरोप और पूर्वी साइबेरिया के उत्तरी भाग में पाए जाते हैं। *





### स्पाइन-टेल्ड स्विफ्ट

171 किलोमीटर (105 मील) प्रति घंटा की स्पीड से उड़ान भरने वाले स्पाइन-टेल्ड स्विफ्ट, दुनिया की सबसे तेज उड़ने वाली बड्र्स में से एक है। काले रंग के स्विफ्ट बर्ड के गले पर सफेद रंग के बाल होते हैं, इसलिए इसे 'व्हाइट थ्रोटेड नीडल टेल' के नाम से भी जाना जाता है। ये पक्षी मध्य एशिया, साइबेरिया, पूर्वी और उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में पाए जाते हैं। जमीन पर उतरने के बजाय ये अपना अधिकांश जीवन उड़ते हुए और पहाड़ों पर बनाए अपने घोंसले में बिताते हैं। ये आसमान में उड़ने वाली छोटी बड्र्स और कीड़े खाते हैं। *


### फ्रिगेट बर्ड

समुद्री जीवों में फ्रेगाटा परिवार की पांच प्रजातियों में से एक है फ्रिगेट बर्ड। ये पक्षी 153 किमी (95 मील) प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकते हैं। ये आकार में काफी बड़े होते हैं, जिससे ये न तो पानी में आसानी से तैर पाते हैं और न ही जमीन पर चल पाते हैं। लेकिन ये बहुत तेजी से समुद्र में डाइव लगाकर मछलियों, जेली फिश, स्क्विड जैसे समुद्री जंतुओं का शिकार कर लेते हैं। नर फ्रिगेट पक्षी के गले में लाल थैली होती है, जिसे वह मादा फ्रिगेट को आकर्षित करने के लिए फुलाता है। फ्रिगेट बड्र्स, ज्यादातर मध्य और उत्तरी अमेरिका के देशों में पाए जाते हैं। *



### रेड चेस्ट डाइविंग डक


अपनी दांतदार चोंच के कारण ये पक्षी 'मरगस सरेटर' नाम से भी जाने जाते हैं। ये 51.62 सेंटीमीटर तक



लंबे हो सकते हैं। इसके पंखों का फैलाव 70.86 सेंटीमीटर तक हो सकता है। यह डक 129 किमी या 80 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकता है। रेड चेस्ट डक पानी के अंदर डाइव लगाकर काफी देर तक रह सकता है। ये पक्षी मछलियां, कीड़े और मेंढक आदि खाते हैं। यह डक मुख्य रूप से उत्तरी अमेरिका, ग्रीनलैंड, यूरोप और एशिया के देशों में मिलते हैं। *

### कैनवास बैक डक

यह उत्तरी अमेरिका के देशों में पाया जाने वाला सबसे बड़े आकार का डाइविंग डक है। यह लगभग 80 सेंटीमीटर तक लंबा हो सकता है और इसके पंखों का फैलाव 48.56 सेंटीमीटर तक हो सकता है। यह 124 किमी या 77 मील प्रति घंटा की स्पीड से उड़ सकता है। इनकी खासियत है कि ये अपने साथियों के साथ झुंड में वी-शेप बनाकर आकाश में उड़ते हैं। ये जलीय वनस्पति खाते हैं। सर्दियों के दौरान यह मिसिसिपी नदी के आस-पास के गर्म इलाकों में माइग्रेट करते हैं। *



जानकारी / नयनतारा

# कब की जाती है मेडे कॉल

बच्चो, पिछले दिनों अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश की दुर्घटना के बाद न्यूज चैनल्स, न्यूज पेपर्स और सोशल मीडिया पर तुम बार-बार एक शब्द 'मेडे कॉल' के बारे में सुन या पढ़ रहे होगे। क्या तुम जानते हो यह कॉल क्या होती है और कब की जाती है?



बच्चो, बीते 12 जून 2025 को अहमदाबाद (गुजरात) में एयर इंडिया का एक एयरो प्लेन एआई 171 उड़ान भरने के कुछ पलों बाद ही क्रैश हो गया था। प्लेन क्रैश से कुछ समय पहले प्लेन के कैप्टन यानी पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर से संपर्क करते हुए 'मेडे कॉल' जारी की थी। जानो 'मेडे कॉल' के बारे में।

**कहां से आया टर्म 'मेडे':** यह शब्द फ्रेंच भाषा के प्रचलित फ्रेज 'म'आइडर' से बना है, जिसका अर्थ होता है 'हेल्प मी' यानी मेरी मदद करो। चूंकि यह फ्रेंच फ्रेज सुनने में 'मेडे' जैसा प्रतीत होता है, इसलिए 'म'आइडर' की जगह 'मेडे' प्रचलित हो गया। अब तो हवाई उड़ान के दौरान आई इमरजेंसी से संबंधित 'मेडे' शब्द को दुनिया के लगभग सभी देशों के लोग समझते हैं। प्रायः हर देश और हर कंपनी की विमान सेवा में इमरजेंसी मैसेज के लिए 'मेडे कॉल' टर्म का ही यूज किया जाता है।



**ऐसे हुई मेडे कॉल की ऑफिसियल शुरुआत:** इस शब्द की शुरुआत 1923 में लंदन के क्रायडन एयरपोर्ट के वरिष्ठ रेडियो अधिकारी फ्रेडरिक मोकफोर्ड के आग्रह पर हुई और 1948 में इसे आधिकारिक (ऑफिसियल) बना दिया गया।

**क्यों कहते हैं इसे मेडे कॉल:** प्लेन की उड़ान के दौरान जब पायलट को लगता है कि एयरो प्लेन खतरे में है, तो वह 'मेडे, मेडे, मेडे...' पुकारता है। यह संकट में दिया गया रेडियो सिग्नल है। जैसे ही एयर ट्रैफिक नियंत्रण करने वाले 'मेडे कॉल' को सुनते हैं, वे जान जाते हैं कि एयरो प्लेन संकट में है और उसे मदद की जरूरत है।

**तब करते हैं मेडे कॉल:** मेडे कॉल एक आपात संदेश (इमरजेंसी मैसेज) होता है। इसे एयरो प्लेन का पायलट उस समय करता है, जब विमान किसी गंभीर संकट में हो और यात्रियों या क्रू मेंबर्स की जान को खतरा हो। विमान का इंजन फेल होना, खराब मौसम, नेविगेशन सिस्टम की विफलता, किसी यात्री की अचानक तबियत खराब हो जाना या पायलट द्वारा हवाई जहाज का नियंत्रण खो देना... इस तरह की आपात कालीन परिस्थितियों में मेडे कॉल किया जाता है। *

तुम्हारे लिए नई किताबें / विज्ञान भूषण

# जानवरों-पक्षियों पर कविताएं

बच्चो, तुम अपने आस-पास कई तरह के जानवरों और पक्षियों को देखते होगे। कुछ जानवर और पक्षी तुमने चिड़ियाघर यानी जू में देखे होंगे। लेकिन उनमें से कई जानवर और पक्षी ऐसे होंगे, जिनके बारे में तुम बिल्कुल नहीं या बहुत कम जानते हो। हाल में ही दो ऐसी नई किताबें छपकर आई हैं, जिनमें अनेक पालतू और जंगली पशु-पक्षियों के बारे में कविता के माध्यम से जानकारी दी गई है। 'कितने प्यारे जानवर हमारे' और 'कितने प्यारे पंछी हमारे' शीर्षक वाली इन किताबों में प्रसिद्ध बाल साहित्यकार डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल ने सरल और प्यारी कविताओं में देश-दुनिया में पाए जाने वाले कई पशु-पक्षियों के आकार, उनकी शारीरिक विशेषताओं, उनके स्वभाव, उनके निवास और उनसे जुड़ी कहावतों की जानकारियां दी हैं। मोर कविता में वह लिखते हैं, *'राष्ट्रीय पक्षी भारत का/कहा मोर ही जाता/सुंदर पंखों के कारण है/मन को बेहद भाता।'* तो गौरैया कविता में लिखते हैं, *'इधर-उधर जब चहका करती/लगती प्यारी-प्यारी/गौरैया अब संख्या में कम/चिंता बढ़ी हमारी।'* इसी तरह भालू कविता में वे लिखते हैं, *'बजा डुगडुगी खूब मदारी/इसको नाच नचाता/भालू खुश होकर बच्चों के/मन को है बहलाता।'* ऐसी ही बहुत सी कविताएं इन दोनों किताबों में संकलित हैं। इन कविताओं को पढ़ने में तुमको सच में बहुत मजा तो आएगा ही, ढेरों जानवरों, पक्षियों के बारे में काफी कुछ जानने को भी मिलेगा। *




**किताबें:** 'कितने प्यारे जानवर हमारे' और 'कितने प्यारे पंछी हमारे'
**लेखक:** डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल, **मूल्य:** 150 रुपए (प्रत्येक)
**प्रकाशक:** सूर्य भारती प्रकाशन, दिल्ली

# जीतू को आई समझ

जीतू का पढ़ाई में बिल्कुल मन नहीं लगता था। लेकिन खेलने में खूब मजा आता था। अकसर अपने मम्मी-पापा से बिना बताए वह स्कूल बंक करके पार्क में बच्चों के साथ क्रिकेट खेलने लगता। लेकिन एक दिन शूज पॉलिश करने वाले एक बूढ़े बाबा ने उससे कुछ ऐसा कहा कि जीतू ने मन लगाकर पढ़ाई करने का संकल्प कर लिया।



कहानी
सरस्वती रमेश

जीतू के मम्मी-पापा मजदूरी करते हैं। सुबह-सुबह जीतू की मम्मी उसे तैयार कर स्कूल भेज देती हैं। उसके बाद पापा के साथ वह भी काम पर चली जाती हैं। जीतू का पढ़ाई में बिल्कुल भी मन नहीं लगता। उसका स्कूल जाने का भी मन नहीं करता है। स्कूल के पास ही एक बड़ा-सा मैदान है। वहां ढेरों बच्चे खेलते रहते हैं। उनको देखकर जीतू का भी मन करता है कि वह भी स्कूल जाने के बजाय उन बच्चों के साथ खेले।

एक दिन जीतू स्कूल जा रहा था। मैदान में बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। तभी गेंद उसके सामने आ गिरी। खेल रहे बच्चे चिल्लाने लगे, 'गेंद फेंको.. गेंद फेंको।' जीतू ने गेंद उनकी तरफ फेंक दी फिर कुछ देर वहीं खड़े होकर उन बच्चों का खेल देखने लगा। थोड़ी देर बाद क्रिकेट खेल रहे बच्चों के पास जाकर जीतू बोला, 'मुझे भी अपने साथ में क्रिकेट खेलने दो।'

'ठीक है, वहां फील्डिंग पर लग जाओ।' बैटिंग कर रहे लड़के ने इशारा करते हुए जीतू से कहा। जीतू खुश हो गया। उसे खेलने में बड़ा मजा आ रहा था। खेलते-खेलते दोपहर हो गई। बच्चे अपने-अपने घर जाने लगे। जीतू भी बस्ता टांग कर अपने घर वापस लौट आया।

अगले दिन से जीतू स्कूल जाने के लिए घर से निकलता लेकिन स्कूल जाने के बजाय मैदान में बच्चों के साथ खेलने लगता। खेलने में उसे बड़ा मजा आता। अब न पढ़ाई का प्रेशर था, न होमवर्क करने की चिंता। रोज-रोज स्कूल बंक कर बच्चों के साथ खेलना उसकी आदत बन गई।

मैदान के बगल वाली सड़क पर एक बूढ़े बाबा जूते पॉलिश करते थे। आते-जाते जीतू उन्हें रोज देखता। एक दिन जीतू खेलने के बाद घर जा रहा था। उसने देखा कि बूढ़े बाबा किताब पढ़ रहे हैं। उसे बड़ा आश्चर्य हुआ। वह उनके पास जाकर बोला, 'बाबा, आप तो जूते पॉलिश करने का काम करते हैं। आज आप किताब क्यों पढ़ रहे हैं?'

'क्योंकि मैं जान गया हूं कि पढ़ाई-लिखाई जीवन में बहुत जरूरी है।' बाबा ने कहा। 'कैसे जान गए... ऐसा क्या हुआ?' जीतू ने हैरानी से पूछा।

'बेटा, मैं सिर्फ दूसरी कक्षा तक पढ़ा हूं। अक्षर पहचान लेता हूं। लेकिन अच्छी तरह पढ़ना नहीं जानता। मेरे पोते को कुछ दिनों से खांसी आ रही थी। दवा का नाम ना पढ़ पाने के कारण मैंने उसे खांसी की दवा पिलाने की बजाय घाव साफ करने वाली दवा पिला दी, जिससे मेरे पोते की तबियत और बिगड़ गई। उसे अस्पताल ले जाना पड़ा। असल में दोनों दवाओं का रंग एक जैसा था। मुझे समझ नहीं आया। अगर मैं पढ़ा-लिखा होता तो यह गलती कभी ना होती। दवा का नाम पढ़ लेता। अब मेरा पोता ठीक हो गया है। मैंने उसका दाखिला स्कूल में करा दिया है और अपने लिए भी किताबें खरीद लाया हूं। खाली समय में अब मैं भी किताबें पढ़ता हूं।' बूढ़े बाबा ने बताया।

'लेकिन मुझे तो पढ़ना बिल्कुल पसंद नहीं है। पढ़ाई के लिए तो बहुत मेहनत करनी पड़ती है, बहुत दिमाग खपाना पड़ता है। इसलिए मैं स्कूल जाने की बजाय यहां पार्क में खेलने चला आता हूं।' जीतू ने बताया।

जीतू की बात सुनकर बाबा ने उसे समझाते हुए कहा, 'बेटा, मेहनत और लगन से पढ़ाई-लिखाई करने वाले आगे चलकर अच्छे और सफल इंसान बनते हैं। देश के लोगों की सेवा करते हैं। सेना में भर्ती होते हैं, पुलिस बनते हैं, डॉक्टर या इंजीनियर बनते हैं। पढ़-लिखकर बहुत-से अच्छे काम किए जा सकते हैं, जो बिना पढ़े-लिखे संभव नहीं है। तुमको स्कूल जरूर जाना चाहिए।'

बाबा की बातें सुनकर जीतू सोच में पड़ गया। उसके मम्मी-पापा को भी पढ़ना नहीं आता। इसलिए उन्हें धूप में मजदूरी करनी पड़ती है। अगर स्कूल नहीं जाएगा, तो वह भी अनपढ़ रह जाएगा। जरूरत पड़ने पर दवाइयों के नाम भी नहीं पढ़ पाएगा। ऐसे तो बड़े होकर उसे भी मजदूरी जैसा कोई काम करना पड़ेगा। जीतू को अपने स्कूल बंक करने की आदत पर बहुत पछतावा होने लगा। 'बाबा, अब मैं रोज स्कूल जाऊंगा। मन लगाकर पढ़ाई करूंगा। बड़ा होकर डॉक्टर बनूंगा।' जीतू ने जोश के साथ बूढ़े बाबा से कहा।

'शाबाश! बहुत बढ़िया। खूब पढ़ो.. आगे बढ़ो।' बाबा ने जीतू के सिर पर हाथ रखकर कहा। *

कविता
सिराज अहमद



## टुक टुक टुक

चला सैर को बंटी बंदर
बहुत दिनों था घर के अंदर
कैब फोन से कर ली बुक
टुक टुक टुक- टुक टुक टुक
विंडो के फिर पास बैठकर
पैर चढ़ाकर एक पैर पर
बाहर करता लुक लुक लुक
टुक टुक टुक- टुक टुक टुक
दिखा रास्ते में एक हाथी
था उसका बचपन का साथी
हाल-चाल पूछा फिर रुक
टुक टुक टुक- टुक टुक टुक
दिनभर करके सैर सपाटा
खाते-पीते मौज उड़ाता
लौटा घर को पढ़ते बुक
टुक टुक टुक- टुक टुक टुक

## जीके क्विज-159



1. आईसीसी की ताजा रैंकिंग के अनुसार विश्व की बेस्ट वन-डे महिला बैटर कौन बनी हैं?
2. हाल ही में किस देश ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया है?
3. हरियाणा के वर्तमान राज्यपाल का क्या नाम है?
4. रातापानी टाइगर रिजर्व किस प्रदेश में स्थित है?
5. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
6. ज्ञानपीठ पुरस्कार किस क्षेत्र में दिया जाता है?
7. विश्व जनसंख्या दिवस कब मनाया जाता है?
8. 'हिंद स्वराज' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
9. हर वर्ष निकाली जाने वाली रथ यात्रा का संबंध किस मंदिर से है?
10. हमारा पड़ोसी देश श्रीलंका किस महासागर के बीच में स्थित है?

**बच्चों, जीके क्विज-159 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-158 का उत्तर :** 1.महेंद्र सिंह धोनी, 2.ऋषभदेव, 3.जम्मू-कश्मीर, 4.छत्तीसगढ़, 5.कार्बन डाइऑक्साइड, 6.केराटिन, 7. 1576 ई., 8. 1 जुलाई, 9.प्लैटिनम, 10.बछेंद्री पाल

**जीके क्विज-158 का सही उत्तर देने वाले :** स्वप्निल-रायगढ़, ममता-सीतापुर, लालिमा-गरियाबंद, राम-राजनांदगांव, सौम्या-रायगढ़, कबीर-हिसार, मीनाक्षी-रायपुर, पंकज-भोपाल, अनुज-बेमेतरा, प्रियंका-बिलासपुर, कुश-महासमुंद

## रंग भरो-178

**रंग भरो-178** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




शौर्य, रोहतक


भव्या, बिलासपुर


तन्वी, रोहतक


वेदिका, बालोद


रेयांश, बिलासपुर


समृद्धि, शहडोल

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

रितेश-मटियारी, प्रिया-रायपुर, संतोष-भोपाल, अमन-रोहतक, रुचि-जबलपुर, निखिल-महासमुंद, अंचित-रायगढ़, कविता-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, लक्ष्य-कोरबा

## रंग भरो 179

बच्चो, यहां दो बिल्लियों का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप



भिवानी। लोगों को नशीली दवाई के दुरूपयोग व अवैध तस्करी के प्रति जागरुक करते वक्ता।

### नशीली दवाओं की तस्करी के खिलाफ किया जागरूक

**तोशाम।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नागरिक अस्पताल व तहसील में एडवोकेट रजनीश कुमार व अधिकार मित्र पीएलवी सुदेश ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के सेवन से गंभीर सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और शारीरिक समस्याएं होती हैं, इससे निपटने के लिए विभाग ने 15 अगस्त 2020 को नशा मुक्त भारत अभियान शुरू किया था। नशे से बचने के लिए युवाओं को साथ खेलों और राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों से जोड़ना होगा।

### जीआरपी ने रेलवे स्टेशन पर चलाया अभियान

**लोहारू।** रेलवे स्टेशन लोहारू परिसर में जीआरपी के इंचार्ज राजकुमार श्योराण की टीम और आरपीएफ ने नशामुक्ति को लेकर विशेष अभियान चलाकर यात्रियों को नशे से दूर रहने के टिप्स दिए। जीआरपी इंचार्ज राजकुमार ने बताया कि नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा मुक्त पखवाड़ा के दौरान जीआरपी पुलिस ने नशा ना करने की शपथ दिलाई है और अपने आस पास के युवाओं को भी नशा न करने के लिए प्रेरित किया है।

### पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह को दी श्रद्धांजलि

**भिवानी।** दिनोद गेट स्थित चेतराम प्रजापति धर्मशाला में प्रजापति जागृति मंच ने पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया। अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष शिवकुमार प्रजापति ने की। अनेक लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधान ने पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह के आदर्शों, सादगीपूर्ण जीवनशैली और सामाजिक न्याय के प्रति संघर्ष व मंडल आयोग की सिफारिशें लागू कर सामाजिक समरसता बढ़ाने का श्रेय दिया।

### पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है नशाः एसएचओ

**लोहारू।** थाना प्रबंधक अशोक कुमार ने सोहासड़ा व ढिगावा सहित कई गांवों में नशामुक्ति को लेकर विशेष अभियान चलाकर युवाओं को नशे से दूर रहने लिए जागरूक किया। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत नशा मुक्त पखवाड़ा 12 जून से 26 जून तक आयोजित किया गया है। सैंकड़ों लोगों को पुलिस ने नशा ना करने की शपथ दिलाई है और अपने आस पास के युवाओं को भी नशा न करने के लिए प्रेरित किया है।

### सभी रोगों की एक ही दवा घर में रखों साफ-सफाई

**चरखी दादरी।** शंकर कालोनी में एचडी स्कूल के निदेशक एवं आरडब्लूए सदस्य बलराज फौगाट ने सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया। फौगाट ने कहा कि हम सबको मिल जुलकर सफाई योद्धाओं का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि सफाई योद्धा सफाई का ध्यान नहीं देंगे तो हमारे आसपास वातावरण गंदा हो जाएगा व बीमारी फैलने की आशंका रहती है।

## समाधान शिविर में सीटीएम ने शिकायतें सुन अफसरों को दिए निर्देश

# समाधान के साथ नागरिकों की संतुष्टि भी अधिकारियों का दायित्वः नगराधीश



भिवानी। अधिकारियों को दिशा निर्देश देते सिटीएम अनिल कुमार व एसडीएम महेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

### नगराधीश ने सचिवालय में की जनसमस्याओं की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

नगराधीश अनिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं समाधान शिविरों की समीक्षा करते हैं। समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों पर अधिकारी स्वयं संज्ञान लें और लंबित शिकायतों का शीघ्र निपटारा करें। उन्होंने कहा कि समस्याओं का समाधान करने के साथ-साथ नागरिकों की संतुष्टि करना अधिकारियों का दायित्व बनता है। नगराधीश अनिल कुमार वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान एसडीएम महेश कुमार ने भी शिकायतें सुनी। अधिकारियों के समक्ष गांव हालुवास निवासी संजय कुमार ने जुई थाना प्रभारी द्वारा कानूनी कार्रवाई न करने बारे, मीर सिंह, भीम सिंह, रणबीर सिंह, पवन कुमार, महनती, सरला, दयानंद, सीमा, संजय व नीलम ने पीपीपी में त्रुटि ठीक करवाने बारे, बबीता ने पेयजल बारे, रमेश कुमार ने गंदे पानी की निकासी बारे, मनजीत कुमार ने पेयजल लाइन की लीकेज ठीक करवाने बारे, प्रेम जोशी ने नालों की सफाई बारे की शिकायतें रखी। इस दौरान डीडीपीओ आशीष मान, टीएम भरतसिंह परमार, खनन निरीक्षक हितेश, अनुराग सांगवान, गैरसरकारी सदस्य रामकिशन हालुवासिया आदि मौजूद रहे।

#### लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं

एसडीएम व सीटीएम ने फरियादियों की समस्याओं को गौर से सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतें व त्वरित समाधान कर उसकी एटीआर स्पष्ट व पूर्णरूप से पोर्टल पर अपडेट करें।



चरखी दादरी। समाधान शिविर में समस्या सुनते सीटीएम जितेंद्र कुमार।

### समाधान शिविर में समस्याओं का हो रहा त्वरित समाधानः सीटीएम

- जनसंवाद में कारगर साबित हो रहे समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

प्रदेश सरकार द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से शुरू किए गए समाधान शिविर में जन समस्याओं की जन सुनवाई सुनिश्चित की जा रही है और अब ये शिविर जन संवाद के लिए कारगर साबित हो रहे हैं। वीरवार को सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन किया। शिविर की अध्यक्षता करते हुए नगराधीश जितेन्द्र कुमार ने उपस्थित नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समाधान प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए। जन सेवा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समाधान शिविर प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम है।



तोशाम। जनसमस्याएं सुनते एसडीएम डॉ. अश्वीर नैन। फोटो: हरिभूमि

### समस्या के समाधान के लिए विभागों के चक्कर काटने को न हों मजबूर

- समाधान शिविर जनसमस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने कहा कि कोई भी नागरिक अपनी समस्या के समाधान के लिए विभागों के चक्कर काटने को मजबूर न हो। समाधान शिविर जन समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी मंच बन गया है। प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा सयुक्त रूप से हर सोमवार और हर वीरवार को 10 से 12 बजे तक जिला और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। एसडीएम ने वीरवार को लघु सचिवालय में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई करके अधिकारियों को शीघ्र समाधान करने के निर्देश देते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। एसडीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं भी समाधान शिविरों में प्राप्त हो रही शिकायतों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं और अधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं कि वे जनता की शिकायतों के प्रति संवेदनशील रहते हुए उनका शीघ्र और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें। शिविरों में नागरिकों द्वारा मुख्य रूप से पीपीपी आईडी में इनकम में त्रुटि तथा मेंबर जोड़ने से सम्बंधित, राशन कार्ड, बच्चों के जाति प्रमाण पत्र, अवैध अतिक्रमण, पुलिस विभाग, बिजली विभाग से सम्बंधित समस्याएं प्राप्त हुईं हैं, जिनके समाधान के लिए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

## एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम

- थिलौड़ आंगनबाड़ी केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

डीसी महावीर कौशिक के दिशा-निर्देश पर एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन के कुशल मार्गदर्शन में गांव थिलौड़ की आगनबाड़ी में एक पेड़ मॉ के नाम 2.0 के बारे में महिलाओं और बच्चों को प्रेरित किया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान के तहत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में सुपरवाइजर पंकज ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम का सार एक प्रतीकात्मक इशारा है।

उन्होंने कहा कि अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाना है, ये सरल कार्य एक दोहरे उद्देश्य को पूरा करता है। जीवन को पोषित करने और ग्रह के स्वास्थ्य में योगदान देने में माताओं की भूमिका का सम्मान करना है। पेड़ जीवन को बनाए रखते हैं और एक मां की तरह वे अगली पीढ़ी के लिए पोषण सुरक्षा और भविष्य प्रदान करता हैं। इस पहल के माध्यम से प्रतिभागियों ने न केवल अपनी मां के सम्मान में स्थायी स्मृति बनाई हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की तत्काल आवश्यकता का भी लोगों को सन्देश दिया है। हम सभी मिल कर एक पेड़ मां के नाम लगाते है।



तोशाम। पौधरोपण के बारे में संकल्प दिलवाती आंगनवाड़ी वर्कर। फोटो : हरिभूमि

## पत्रकार पंडित देवब्रत वशिष्ठ को दी श्रद्धांजलि

- एचयूडब्ल्यूजे ने की पत्रकार वशिष्ठ की पुण्यतिथि पर हर वर्ष एक पत्रकार को अवॉर्ड देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

पत्रकार एवं लेखक पंडित देवब्रत वशिष्ठ की 13वीं पुण्यतिथि पर वीरवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं पत्रकारों ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। हरियाणा यूनियन ऑफ वर्किल जर्नलिस्ट्स द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार अजय मल्होत्रा ने एसोसिएशन द्वारा हर वर्ष पंडित देवब्रत वशिष्ठ के नाम पर एक पत्रकार को अवॉर्ड देने की घोषणा की। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिककारी सुरेंद्र सिंगल ने कहा कि स्वर्गीय देवब्रत वशिष्ठ का पूरा जीवन सादगीपूर्ण एवं ईमानदार पत्रकारिता को समर्पित रहा। उन्होंने राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय राजनेताओं से निकटता होने के बावजूद भी किसी तरह का राजनीतिक-आर्थिक लाभ न लेकर एक उदाहरण प्रस्तुत किया। पूर्व विधायक डॉ. शिवशंकर भारद्वाज ने कहा कि वे स्वर्गीय वशिष्ठ बहुत ही अनुशासन प्रिय व दृढ़ निश्चय वाले पत्रकार थे। पूर्व प्रिंसिपल मैडिकल ऑफिसर डॉ. केडी शर्मा ने कहा कि वशिष्ठ ने अपनी पत्रकारिता के दायित्व निर्वहन करते समय कभी भी आर्थिक लाभ-हानि को नहीं देखा। पत्रकारिता में उन्होंने अपने पिता पंडित रविंद्रनाथ वशिष्ठ के साथ साढ़े 19 माह से अधिक लंबी अवधि तक जेल भी काटी।



भिवानी। पत्रकार देवब्रत वशिष्ठ को नमन करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

#### उनके पदचिन्हों पर चलें

अणुव्रत समिति के पूर्व प्रधान रमेश बंसल, वरिष्ठ पत्रकार केसरी शर्मा व इन्द्रवेश ने पत्रकारों की वर्तमान पीढ़ी को उनके जीवन चरित्र व पत्रकारिता शैली को अपनाने की सलाह दी। गोवर्धन आचार्य व वरिष्ठ पत्रकार नरोत्तम बागड़ी ने वशिष्ठ के जीवन से जुड़ी घटनाओं पर प्रकाश डाला। अशोक भारद्वाज ने अपनी कविता के माध्यम से श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर स्वर्गीय देवब्रत वशिष्ठ के ज्येष्ठ पुत्र एवं वरिष्ठ पत्रकार श्रीभगवान वशिष्ठ ने कहा कि उनके पिता का जीवन बड़ा ही सादगीपूर्ण, स्पष्टवादी, अनुशासनप्रिय व समय के महत्व को स्वीकार करने वाला रहा। बड़े-बड़े राष्ट्रीय स्तर के राजनेताओं, मोरारजी देसाई, चौधरी चरण सिंह, चौधरी देवीलाल, विजय लक्ष्मी पंडित, पंडित भगवतदयाल शर्मा, डॉ. मंगल सैन, सुषमा स्वराज, साध्वी ऋतंभरा, सरीखे व्यक्तित्व उनके पास समय-समय पर राजनीतिक चर्चाओं व सलाह-मशवरे के लिए आए।

## जरूरतमंदों को समय पर ऋण दें बैंक

- एडीसी ने ऋण योजनाओं के समय पर क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

एडीसी डॉ. मुनीष नागपाल की अध्यक्षता में स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में अग्रणी जिला बैंक-पंजाब नेशनल बैंक के तत्वावधान में जिला स्तरीय समीक्षा समिति व जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में एडीसी नागपाल ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा किसानों, मजदूरों, दुकानदारों व आमजन के जीवन उत्थान के लिए चलाई जा रही ऋण योजनाओं का लाभ समय पर दिलाना सुनिश्चित करें। मौजूदा वित्त वर्ष के बकाया स्वीकृत ऋणों की अदायगी तुरंत प्रभाव से करें और जरूरमंद पात्र लोगों को ऋण संबंधित सहायत शीघ्र प्रदान करें। एडीसी ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने बैंकों के ऋण टारगेट शीघ्र पूरा करें और ऋण देने में नागरिकों को अनावश्यक चक्कर न कटवाएं। इसके अलावा किसी भी वृद्धावस्था पेंशनभोगी की राशि से ऋण की किश्त न काटे व किसी भी स्थिति में पेंशन न रोकी जाए। एडीसी ने पंचायत विभाग एवं सभी बैंकों को निर्देश दिए कि जनधन योजना अभियान एक जुलाई से लेकर अक्टूबर माह तक चलेगा, जिसके तहत प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना के बारे में लोगों को जागरूक करना एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को इन योजनाओं का लाभ पहुंचना है।



भिवानी। अधिकारियों को दिशा निर्देश देते एडीसी डॉ. मुनीष नागपाल।

#### ये रहे मौजूद

उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं बैंकों को निर्देश दिए कि आगामी बैठक तक ऋण संबंधित टारगेट पूरा कर दाता उपलब्ध करवाना सुनिश्चि करें। इस दौरान आरबीआई चंडीगढ़ से एजीएम प्राची, नाबार्ड हिसार से डीडीएम राकेश कुमार, डीडीपीओ आशिष मान,एएलडीएम मंजू यादव, इंदु खटक के अलावा कृषि विभाग, मछली पालन, एमएसएमई, एनयूएलएम, एचएससीएफडीसी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सभी का उत्थान ही भाजपा का लक्ष्य

- हर समाज को साथ लेकर चलती है भाजपा : विरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

कृष्णा कॉलोनी स्थित विद्यासागर सभागार में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथियों व पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। जिसकी अध्यक्षता सोहनलाल मक्कड़ व अनिवाश सरदाना ने की तथा मंच संचालन यशपाल महता ने किया। इस मौके पर केके ग्रोवर, शालू अरोड़ा, अमित महता, अभिनव दुरेजा, संजय गिरधर व सुनील तनेजा ने गदा भेंटकर जिलाध्यक्ष को सम्मानित किया। इसके अलावा पूर्व पार्षद मुकेश रहेजा, पार्षद विनोद चावला, पार्षद अशोक कामरा, पार्षद प्रतिनिधि हर्षदीप डुडेजा, पार्षद मनीष गुरेजा ने फूल-मालाएं पहनाकर विरेंद्र कौशिक का सम्मान किया। जिलाध्यक्ष को सम्मानित करने पहुंचे लोगों ने उनके संगठनात्मक योगदान, नेतृत्व क्षमता और पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा को सराहा। उन्होंने बताया कि कौशिक के नेतृत्व में जिले में भाजपा ने कई सामाजिक व संगठनात्मक अभियानों को सफलतापूर्वक चलाया, जिससे पार्टी की जड़ें आमजन तक मजबूत हुई हैं।



भिवानी। विद्यासागर सभागार में कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक। फोटो : हरिभूमि

## शोक सभा में पहुंचे सासंद-विधायक

- स्टैंड विद नेचर के संस्थापक डॉ. लोकेश व शिक्षिका सरोज के जन्मदिन पर रोपित किए पौधें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहल

बीआरसीएम शिक्षण समिति के चेयरमैन हरिकिशन चौधरी के अनुज वरिष्ठ उद्योगपति शिवकुमार चौधरी के निधन पर बीआरसीएम स्कूल शिशुकुंज में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। वक्ताओं ने कहा कि शिवकुमार आर्यसमाजी, धर्मपरायण व सामाजिक विचारधारा के व्यक्ति थे, उनके निधन से समाज में गहरी क्षति हुई है। शोक सभा में चौधरी परिवार के वाइस चेयरमैन प्रमोद चौधरी, ट्रस्टी अनिल चौधरी, श्रेयस्कर चौधरी, निधि चौधरी, दादा सत्यनारायण चौधरी, सांसद धर्मबीर सिंह, भिवानी के विधायक घनश्यामदास सर्राफ, डॉ. सुरेंद्र शर्मा, रामकुमार रावलवासिया, हरिगोविंद, दिनेश कौशिक, निदेशक डॉ.एस के सिन्हा, रामभगत गुप्ता, रामकुमार गोदारा, सरपंच साधूराम, गजानंद अग्रवाल, रवि महमिया, सुनील शर्मा, डॉ. सुनील चावला इत्यादि पहुंचे।



बहल। शिवकुमार चौधरी की स्मृति में पौधरोपण करते सांसद धर्मवीर, विधायक घनश्याम सर्राफ व बीआरसीएम परिवार के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## एडीसी ने एससी वित्त लाभार्थियों को बांटे सहायता राशि के चेक

# एडीसी ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

जिला से संचालित सभी विभागों के अधिकारी सुनिश्चित करें कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा पात्र लोगों को मिले। सरकार की ओर से नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए ही योजनाओं को चलाया जाता है। किसी भी पात्र को योजनाओं का लाभ मिलने में देरी ना हो और उसे अनावश्यक रूप से बार बार चक्कर ना लगाने पड़ें।अतिरिक्त उपायुक्त डा. मुनीष नागपाल ने वीरवार को अपने कार्यालय में विभिन्न सरकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए एसे आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से कई योजनाएं चलाई जाती हैं, जिनके माध्यम से से जरूरतमंद एवं पात्र लोगों को लाभ एवं सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं। सरकार द्वारा चलाए जा रही योजनाओं का उद्देश्य नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारना है। ऐसे में जिला के सभी अधिकारी सुनिश्चित करें कि सरकार की योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा पात्र लोगों को मिले और उन्हें किसी परेशानी का सामना ना करना पड़े। उन्होंने हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की ओर से 8 लाभार्थियों को 5.95 लाख रूपये के चेक भी वितरित किए। उन्होंने कहा कि इस राशि का उपयोग उसी कार्य के लिए करें, जिसके लिए ऋण लिया गया है। योजना के तहत स्वरोजगार शुरू करने के लिए यह ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। इसमें 10 हजार रूपये का अनुदान भी शामिल होता है। एस वित्त वर्ष के दौरान जिला में कुल 38 पात्रों को ऋण उपलब्ध करवाया जा चुका है। ऋण प्राप्त करने वालों में मुकेश, दया कौर, नीलम देवी, बबीता देवी, मुनेश कुमार, सुमित्रा, मुकेश देवी व योगेश शामिल हैं। इस अवसर पर निगम के क्षेत्रीय अधिकारी अमन शर्मा व भारत भूषण मौजूद रहे।



चरखी दादरी। योजना के लाभार्थियों को चेक वितरित करते एडीसी।

**सूचना**

मैं, कमली देवी (पुराना नाम) और कमला देवी (नया नाम) पत्नी हरि सिंह निवासी पातवान, तहसील लोहारू, जिला भिवानी (हरि.)-127028 बयान करती हूं कि मेरा पुराना नाम कमली देवी है। मैं अपना नाम बदलकर कमला देवी करना चाहती हूं। भविष्य मे मुझे कमला देवी के नाम से जाना जाए

## खबर संक्षेप

### 15 को कुरुक्षेत्र में सीएम आवास का करेंगे घेराव

**बहल।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन मुख्यालय चरखी दादरी (संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ) ब्रांच बहल की मीटिंग आयोजित हुई। मीटिंग में बहल ब्रांच के सचिव के रिक्त पद पर सरजीत लीलस को सर्वसम्मति से नियुक्त किया। वीरवार को हुई मीटिंग की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान रोहतास फौजी ने की। चुनाव में पर्यवेक्षक के रूप में जिला प्रधान सुरेश कुमार शर्मा व राज्य के प्रचार सचिव सरजीत खेड़ा ने शिरकत की। मीटिंग में सरजीत लीलस के नाम का प्रस्ताव रखा,जिसमें सभी सदस्यों ने सरजीत लीलस के नाम का समर्थन दिया। नियुक्त सचिव को शपथ दिलाई।

### रणसिंह इनेलो कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला प्रधान

**भिवानी।** इंडियन नेशनल लोकदल ने वरिष्ठ नेता रणसिंह श्योराण को लगातार 5वीं बार कर्मचारी प्रकोष्ठ का जिला प्रधान नियुक्त किया है। रणसिंह ने अपनी नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, प्रदेश प्रेस प्रवक्ता उमेद लोहान, प्रदेश महासचिव सुनील लांबा, प्रदेश वरिष्ठ उपप्रधान ओमप्रकाश गौरा, जिला प्रधान अशोक ढ़ाणीमाहु, पूर्व विधायक धर्मपाल ओबरा, कर्मचारी प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश महासचिव करतार पंघाल का आभार जताया। श्योराण ने कहा कि पार्टी ने जो उन पर विश्वास व भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

## नशा परिवार, समाज व राष्ट्र को भी बर्बादी की ओर धकेलता: अशोक

# बेटियों की चित्रकला से दिया नशे से दूर रहने का संदेश



भिवानी। नशे से दूर रहने की कलाकृति बनाती नव्या व आरोही। फोटो : हरिभूमि


- विश्व मद्यपान निषेध दिवस पर किया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति द्वारा विश्व मद्यपान निषेध दिवस पर नशा मुक्ति को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया। समिति अध्यक्ष अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के शरीर को नष्ट करता है, बल्कि उसके परिवार, समाज व राष्ट्र को भी बर्बादी की ओर धकेल देता है। उन्होंने अपनी बेटियों आरोही और नव्या से चित्रकला तैयार करवाई, जिसमें नशा जहर है, एक बूंद जहर से खत्म हो जाता है संसार के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नशा कोई भी, किसी प्रकार का हो, घातक एवं खतरनाक हैं।

### बेटियों को मुहिम का ब्रांड एंबेसडर बनाया

भारद्वाज ने बताया कि अपनी दोनों बेटी नव्या व आरोही को मुहिम का ब्रांड एंबेसडर बनाया है, ताकि युवावर्ग पर सकारात्मक प्रभाव डाला जा सके। उन्होंने कहा कि 1987 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 26 जून को वर्ल्ड एंटी ड्रग्स डे घोषित किया था। यह तिथि चीन द्वारा 1839 में अफीम व्यापार के विरुद्ध की गई कार्रवाई की स्मृति में चुनी गई थी। इस वर्ष 2025 की थीम बाधाओं को तोड़ना सभी के लिए रोकथाम, उपचार और पुनर्प्राप्ति निर्धारित की गई है, जिसका उद्देश्य नशीली दवाओं से होने वाली हानियों को उजागर करना और युवाओं को नशे से दूर रखना है।राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता अशोक भारद्वाज ने बताया कि उनकी संस्था की ओर से नशा छोड़ चुके लोगों को इस वर्ष विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा ताकि वे समाज के लिए प्रेरणा बन सकें। वहीं, हरियाणा सरकार और पुलिस प्रशासन के सहयोग से भिवानी जिले में 15 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त करने में योगदान दें।



भिवानी। वैश्य कॉलेज में ऑनलाइन नशा विरोधी जागरूकता अभियान में शामिल प्रोफेसर त्रिखा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों ने नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाने को ली शपथ

- समाज से नशे का प्रभाव करेंगे खत्म : प्रोफेसर त्रिखा
- वैश्य महाविद्यालय में ऑनलाइन नशा विरोधी जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**भिवानी।** हम सबका दायित्व है कि समाज में बढ़ते नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक करें, इसलिए आज हम सब संकल्प लें कि समाज से नशे का प्रभाव खत्म करने का भरसक प्रयास करेंगे, ये बात वैश्य महाविद्यालय के एंटी ड्रग क्लब के तत्वावधान में आयोजित ऑनलाइन नशा विरोधी जागरूकता अभियान का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर धीरज त्रिखा ने कही। उन्होंने कहा कि नशे से संबंधित कोई भी गतिविधि हो, इसके बारे में प्रशासन को आगाह करें। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि बच्चे नशे की तमाम तरह की प्रवृत्तियों से दूर रहकर देश और समाज को मजबूत करें। कार्यक्रम के नोडल ऑफिसर डॉ. विपिन गुप्ता ने बताया कि ऑनलाइन अभियान में 70 से अधिक विद्यार्थी सहित शिक्षकवर्ग ऑनलाइन सम्मिलित हुए। उन्होंने बताया कि हमारे महाविद्यालय में समय समय पर नशा विरोधी अभियान के तहत भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता ,जागरूकता रैली आदि का आयोजन किया जाता है। महाविद्यालय में जहां-जहां भी विद्यार्थी एकत्रित होते हैं, वहां नशा विरोधी पोस्टर लगाए गए हैं। इस अवसर पर अनेक प्रोफेसर तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।



भिवानी। अधिकारियों को दिशा निर्देश देते डीसी महाबीर कौशिक।

## नशे पर पूर्ण अंकुश लगाने को प्रबुद्ध लोगों को आगे आना होगा: डीसी

- डीसी ने युवाओं को नशे से बचाने के लिए अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विशेषकर युवाओं को नशे की प्रवृति से बचाने के लिए डीसी महावीर कौशिक की अध्यक्षता में लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में नार्को कॉओर्डिनेशन से संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक हुई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मनबीर सिंह भी मौजूद रहे। बैठक में युवाओं को ड्रग्स आदि नशे से बचाने के लिए विस्तार से समीक्षा की गई। डीसी ने कहा कि नशे पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए आमजन का सहयोग जरूरी है। यह युवाओं के भविष्य का सवाल है। आमजन को चाहिए कि वे ड्रग्स का सेवन करने व बेचने वाले की सूचना प्रशासन को दें। डीसी ने जिलेवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि नशे के खिलाफ हम सबको मिलकर एक अच्छा माहौल बनाना है। जिसमें प्रत्येक नागरिक को अपना सहयोग देना होगा। विशेषकर गांव व शहरों के प्रबुद्ध लोगों को आगे आना होगा। उपायुक्त कौशिक ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रतिबंधित दवाओं की ब्रिकी करने वाले मेडिकल स्टोर पर विशेष निगरानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग नशे के लिए प्रतिबंधित दवाओं का प्रयोग करता है। युवाओं को नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के बारे में विशेषकर शिक्षा विभाग व ड्रग कंट्रोल सेल की महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए।

### दिए निर्देश

डीसी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने संस्थानों में रिर्सोस पर्सन के माध्यम से युवाओं को नशे के विरुद्ध जागरूक करें। शिक्षण संस्थानों में एक अभियान चलाया जाए। जिला के सभी स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों व अन्य शिक्षण संस्थानों के मुख्य द्वार पर नशे के विरुद्ध जागरूकता सामग्री लिखवाएं। शिक्षण संस्थानों में उचित जगहों पर वॉल पेंटिंग के माध्यम से सूचना देने के लिए मोबाइल नंबर को अंकित किया जाए। एसपी मनबीर सिंह ने कहा कि पुलिस द्वारा युवाओं को नशे से बचाने के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है। पुलिस विभाग के साथ-साथ संबंधित क्षेत्रों के जागरूक लोगों और अन्य संबंधित विभागों को भी नशे से बचाने की मुहिम में प्रभावी भूमिका निभानी होगी।

## नशा मुक्त समाज बनाना सबका दायित्व

- लोहारू थाना प्रभारी ने ढिगावा में कार्यक्रम को संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढिगावा मंडी



ढिगावा मंडी। गठित कमेटी के बारे में ग्रामीण व थाना प्रभारी को जानकारी देते सरपंच धर्मवीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

समाज को नशा मुक्त करने की आवश्यकता है, क्योंकि नशा व्यक्ति के परिवार को प्रतिष्ठा नहीं बल्कि बदनामी दिलाता है। हमें नशा मुक्त ढिगावा जाटान नशा मुक्त भारत में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उक्त विचार लोहारू थाना प्रभारी अशोक कुमार ने ढिगावा जाटान के राजीव गांधी खेल स्टेडियम में ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए नशा मुक्त भारत नशा मुक्त ढिगावा जाटान अभियान में गांव ढिगावा जाटान के ग्रामीण और खासकर युवाओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सरकार ने नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि नशा तस्करों की संपत्तियां नष्ट की जा रही हैं और बड़े नशा तस्करों को पकड़कर जेल में डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल सरकार की नहीं है, इसलिए हम सभी को इसका हिस्सा बनना होगा। उन्होंने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि समाज का हर वर्ग नशामुक्त अभियान में भाग ले रहा है। गांव के सरपंच धर्मवीर सिंह नेहरा ने कहा कि गांव के युवाओं की एक कमेटी गठित कर दी गई है, जो नशा तस्करों और बेचने वालों पर नजर रखेगी।

## मादक पदार्थ विरोधी दिवस पर चलाया जागरूकता कार्यक्रम

- एनसीबी ने चरखी दादरी में एक जागरूकता कार्यक्रम किया

**चरखी दादरी।** अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ विरोधी दिवस पर हरियाणा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की भिवानी यूनिट ने अनाजमंडी चरखी दादरी में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम 12 जून से 26 जून तक चलाए गए 'नशा मुक्त भारत पखवाड़ा' का समापन था। एनसीबी ने विभिन्न कार्यक्रम जैसे जागरूकता रैलियां, नुक्कड़ नाटक, साइक्लोथन, मैराथन, स्कूल व कॉलेजों संवाद कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम का नेतृत्व यूनिट इंचार्ज निरीक्षक अमरसिंह ने किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया और सभी को नशा न करने की शपथ दिलाई। निरीक्षक अमरसिंह ने कहा कि नशा समाज को दीमक की तरह खोखला कर रहा है। उन्होंने अपील की कि अगर किसी को नशा तस्करी या बिक्री की जानकारी हो तो तुरंत टोल फ्री नंबर 1933 पर सूचना दें।



चरखी दादरी। जागरूकता अभियान चलाते एनसीबी के सदस्य।

## पहलवान बिजेंद्र ने बताए नशे के दुष्प्रभाव

- युवाओं के साथ राष्ट्र के भविष्य पर भी कलंक है नशे की लत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी भागदारी सुनिश्चित करनी चाहिए, लेकिन युवा आज नशे की दलदल में फंसकर न केवल अपने परिवार, बल्कि राष्ट्र का भविष्य भी दांव पर लगा रहे है, ऐसे युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव बताने व उन्हें नशे की गर्त से बाहर निकालने के उद्देश्य से अखिल भारतीय युवा जनकल्याण संगठन के अध्यक्ष पहलवान बिजेंद्र सिंह ने विशेष जागरूकता अभियान चलाया हुआ है, जिसके तहत लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इसी कड़ी में वीरवार को अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध दिवस पर पहलवान बिजेंद्र सिंह ने शहर में विभिन्न स्थानों पर नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक किया। जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत मिनी बाईपास रोड स्थित स्टीलमैन ऑफ इंडिया हैल्थ एंड फिटनेस अकादमी से हुई, जिसके बाद उन्होंने बाइक पर बैठकर हाथों में माइक लेकर डोर-टू-डोर अभियान चलाया तथा बाजारों में माइक के माध्यम से तथा घर-घर जाकर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया। पहलवान बिजेंद्र सिंह ने जंक फूड व नशे के दुष्प्रभाव बताते हुए नशे से दूर रहने का संकल्प दिलवाया।




भिवानी। बच्चों को नशे से दूर रहने एवं दूसरों को जागरूक करने की शपथ दिलवाते पहलवान बिजेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

## विजेन्द्र सिवाच बने कांग्रेस सेवादल शहरी जिला अध्यक्ष

**भिवानी।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजेंद्र सिवाच को कांग्रेस सेवादल का शहरी जिला शहरी नियुक्त किया हैं। अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय मुख्य संगठक लालजी भाई देसाई की स्वीकृति से हरियाणा प्रदेश कांग्रेस सेवादल की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. पूनम चौहान ने विजेन्द्र सिवाच के सामाजिक एवं पार्टी कार्यों को देखते हुए कांग्रेस सेवादल का शहरी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है।

विजेन्द्र सिवाच ने अपनी नियुक्ति पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी, कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रीय मुख्य संगठक लालजी भाई देसाई व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. पूनम चौहान का आभार जताया। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से पूरा करेंगे तथा अधिक से अधिक लोगों को पार्टी संगठन के साथ जोड़ने का काम करेंगे। उल्लेखनीय हैं कि इससे पहले विजेन्द्र सिवाच जिला कांग्रेस कमेटी में कार्यालय सचिव, जिला किसान कांग्रेस भिवानी में महासचिव के पदों पर भी कार्य कर चुके हैं।



कांग्रेस सेवादल के शहरी जिलाध्यक्ष विजेंद्र सिवाच।

## दक्ष प्रजापति जयंती समारोह का दिया न्योता

- युवाओं को इतिहास व परंपराओं से जोड़ने की दिशा में सशक्त कदम होगा जयंती समारोह : मामनचंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती पर 13 जुलाई को भिवानी के मेला ग्राऊंड में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। इस ऐतिहासिक आयोजन को भव्य रूप देने के लिए आयोजन समिति के सदस्यो ने गांव-गांव जाकर ग्रामीणों को न्यौता देना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में वीरवार को महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती आयोजन समिति के सदस्यों ने बहल, मंढ़ोली व सुरपुरा का दौरा किया तथा ग्रामीणों को कार्यक्रम में पहुंचने का निमंत्रण दिया। आयोजन समिति के सदस्य सतपाल ठेकेदार, मामनचंद, संजय चौहान, रमेश टांक ने बताया कि महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती पर प्रदेश स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यतिथि पहुंचेंगे। इसके अलावा केबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा सहित अनेक मंत्री भी कार्यक्रम में पहुंचकर महाराज दक्ष प्रजापति को श्रद्धांजलि देंगे। उन्होंने कहा कि समारोह में महाराजा दक्ष प्रजापति के जीवन, उनके आदर्शों और सनातन परंपरा में उनके योगदान को याद किया जाएगा। यह एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना को पुनर्स्थापित करने का प्रयास है।



बहल। लोगों को समारोह का न्योता देते मामनचंद चेयरमैन व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## वृक्ष धरती माता का श्रृंगार: यादव



**भिवानी।** वृक्ष धरती माता का श्रृंगार है, ये उद्गार कादमा में ग्रामीण विकास मण्डल और विश्व युवक केन्द्र द्वारा आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता राजेन्द्र यादव ने व्यक्त किए। विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जिस प्रकार किसी व्यक्ति से प्रेम के लिए कोई दिन निश्चित नहीं किया जा सकता। उसी तरह प्रकृति से प्रेम हर पल का विषय है, इसलिए विश्व युवक केन्द्र नई दिल्ली देश भर के स्वैच्छिक संगठनों के साथ मिलकर निरन्तर पर्यावरण संरक्षण अभियान का संचालन करता है। उन्होंने आगे कहा कि एक पेड़ अपने जीवनकाल में ऑक्सीजन, फल, छाया, हरियाली और अपने मृत शरीर का आपके ड्रॉइंग रूम की सजावट और ईंधन के लिए दान कर जाता है। एक पौधें के इस परमार्थ से मनुष्य को सीखने की आवश्यकता है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने कहा कि पौधा लगाने से अधिक महत्वपूर्ण उसका पालन पोषण करना है। हर साल पर्यावरण दिवस पर लगने वाले पौधों का गणित समझने से पता चलता है कि हम पौधारोपण को प्राथमिकता देते हैं संरक्षण को नहीं। कार्यक्रम में कप्तान लक्ष्मीनारायण, विनोद कुमार, रेखा बहन और सुनील कुमार ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।

## बढ़ती महंगाई के बीच बिजली दरों में वृद्धि तोड़ रही कमर: मुकेश

**भिवानी।** बिजली दरों में हाल ही में हुई बढ़ोतरी को लेकर जनमानस में असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस नेत्री एडवोकेट मुकेश ढ़ाणीमाहु ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने बिजली के दामों में बढ़ोतरी को जनविरोधी करार देते हुए तुरंत प्रभाव से इसे वापस लेने की मांग की। एडवोकेट मुकेश ने कहा कि आम जनता पहले ही महंगाई की मार से परेशान है, ऊपर से बिजली दरों में की गई यह वृद्धि मध्यम और निम्न वर्ग की कमर तोड़ने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनहित की बजाय केवल राजस्व बढ़ाने के एजेंडे पर काम कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकार ने जल्द बिजली दरों में की गई वृद्धि को वापस नहीं लिया, तो कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर जोरदार आंदोलन करेंगे।

डॉ. आर. पी. शर्मा
अस्पताल
सिविल अस्पताल से रिटायर्ड सीनियर सर्जन
सभी आप्रेशन एवं नार्मल डिलीवरी
सबसे सस्ते रेट में किए जाते हैं।
सभी आप्रेशन बिना टाँके के भी किए जाते हैं।
कॉपर-टी की सुविधा उपलब्ध है।
गर्भवती महिलाओं के लिए
OPD फीस फ्री
पता : मिनी बाईपास रोड़,
CR Resort के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र :
9416296903, 8168362612

**मांग** भिवानी जिले से ही रहा तिगड़ाना का सामाजिक, भौगोलिक व प्रशासनिक जुड़ाव

# तिगड़ाना को हांसी की बजाय भिवानी जिले में ही रखने की उठाई मांग, सीएम को सौंपा ज्ञापन

तिगड़ाना को हांसी से जोड़ने पर ग्रामीणों की बढ़ेगी परेशानियां: परमजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव तिगड़ाना को भिवानी जिले की बजाय हांसी जिले में शामिल किए जाने की चर्चाएं सामने आने के बाद से ही तिगड़ाना के ग्रामीण में रोष हैं और वे लगातार इसका विरोध जता रहे है। इसी उद्देश्य से ग्रामीणों ने संघर्ष समिति तिगड़ाना का गठन किया।

समिति ने बवानीखेड़ा विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की और गांव तिगड़ाना को हांसी की बजाय भिवानी जिले में ही शामिल रखे जाने की मांग की। उल्लेखनीय हैं कि संघर्ष समिति तिगड़ाना के सदस्य बवानीखेड़ा के विधायक कपूर वाल्मीकि व भाजपा वरिष्ठ नेता परमजीत मड्डू के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिले तथा मांगपत्र सौंपा। विधायक कपूर वाल्मीकि व भाजपा वरिष्ठ नेता परमजीत मड्डू ने कहा कि तिगड़ाना की सामाजिक, भौगोलिक व प्रशासनिक जुड़ाव सदैव भिवानी जिले से रहा है, ऐसे में इसे हांसी में जोड़ना अन्यायपूर्ण होगा और इससे ग्रामीणों की दैनिक जरूरतें व विकास कार्यों पर असर पड़ेगा।



भिवानी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात करते विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि, परमजीत मड्डू व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### तिगड़ाना से हांसी की दूर अधिक

उन्होंने कहा कि भिवानी जिला मुख्यालय से गांव तिगड़ाना की दूरी करीबन सात किलोमीटर है, जबकि हांसी से दूरी करीबन 43 किलोमीटर है, ऐसे में तिगड़ाना को हांसी में शामिल किया गया तो ग्रामीणों को अपने विभिन्न कार्यो के लिए जिला मुख्यालय तक पहुंचाने में अधिक आर्थिक खर्च व समय वहन करना पड़ेगा, जिसके चलते ग्रामीणों की परेशानियां गुणात्मक रूप से बढ़ेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री को स्पष्ट संदेश दिया कि तिगड़ाना भिवानी का हिस्सा था, है और रहेगा, ऐसे में वे मांग करते है कि तिगड़ाना को हांसी की बजाय भिवानी जिले में शामिल रखा जाए, ताकि ग्रामीणों की परेशानियों को बढ़ने से रोका जा सकें। इस अवसर पर संघर्ष समिति तिगड़ाना के संयोजक कर्मबीर तंवर, सुरेंद्र सरपंच, परमजीत मड्डू, दीपा प्रधान, नवीन तंवर तिगड़ाना, कोषाध्यक्ष कप्तान रविंद्र तंवर, बीडीसी चेयरमैन सीताराम शर्मा, रमेश सोनी पंच, कमल गौशाला प्रधान, संदीप दहिया व संजय रोहिल्ला आदि मौजूद रहे।